राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

सी–7–ए, सुल्तान हाउस, सवाई जयसिंह हाईवे, बनिपार्क, जयपुर–302016
फोन नम्बर 0141–4004914 **Website:-** www.rajasthanparamedicalcouncil.org

क्रमांक – काउन्सलिंग / सत्र (2020–21) / 72 **दिनांक :** 11/06/2021

सार्वजनिक सूचना

राजस्थान राज्य में राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल से मान्यता / संबद्धता प्राप्त निजी एवं राजकीय महाविद्यालय / संस्थानों में विभिन्न पैरा मेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र 2020–21 में प्रशिक्षण हेतु प्रवेश लेने के लिए ऑनलाईन आवेदन–पत्र दिनांक 03.02.2021 से 23.04.2021 तक प्राप्त कर प्रकाशित विज्ञप्ति क्रमांक – 28 दिनांक 28.01.2021 के बिंदु संख्या 8(i) के अनुसार समस्त आवेदनों की आरक्षित श्रेणी अनुसार अतंरिम वरीयता सूची वेबसाईट पर जारी कर आवेदकों से दिनांक 31.05.2021 तक आपत्ति से संबंधित विवरण एक प्रार्थना–पत्र पर लिखकर एवे उसके साथ आपत्ति के निराकरण से संबंधित दस्तावेज लगाकर कौंसिल की ई–मेल आइडी rpmc.helpdesk@gmail.com पर विषय में Objection in Meril List लिखकर प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में दिनांक 31.05.2021 तक ई–मेल आइडी rpmc.helpdesk@gmail.com प्राप्त होने वाली आपत्तियों के निराकरण के लिए दिनांक 14.06.2021 प्रातः 10:00 बजे से 19.06.2021 मध्यरात्रि 11:59 तक ऑनलाईन आवेदन पोर्टल खोला जायेगा। **(केवल अंतरिम वरीयता सूची में आपत्ति दर्ज करवाने वाले विद्यार्थियों के लिए)**

विद्यार्थी अपनी **SSO** आईडी **(जिससे आवेदन किया है)** से लॉगिन कर **HTE** ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर अपना अपने आवेदन–पत्र में आपत्ति से संबंधित सुधार कर एवं संबंधित दस्तावेज अपलोड कर आवेदन–पत्र को पुनः फाईनल सबमिट कर सकता है।

यहाँ यह ध्यान रहे की आवेदन–पत्र में सुधार का मौका तय दिनांक पर केवल एक बार ही दिया जायेगा और एक बार फाईनल सबमिट करने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में पुनः संशोधन का मौका नहीं दिया जायेगा। अगर किसी आवेदक के द्वारा फाईनल सबमिट नहीं किया जाता है तो पूर्व में भरे गये आवेदन–पत्र को ही सही मानकर काउन्सलिंग में शामिल कर लिया जायेगा।

रजिस्ट्रार